राजेन्दर
भा० प्र० से०
मिशन निदेशक

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना

2011 पत्रांक- बि0प्र0सु0मि0सो0/विविधि-45/2010 सो0 897 दिनांक 18/11/2011

सेवा में,

ENTIAL SECTION सभी जिला पदाधिकारी

विषयः- लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम क्रियान्वयन के संबंध में कहना है कि:-

1. लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के तहत निष्पादित आवेदनों को डाटाबेस में अपलोड कर प्रतिदिन अचूक रूप से मिशन के सर्वर पर Synchronize किया जाना है। प्रखण्ड स्तर पर इसका सम्पूर्ण दायित्व आई.टी. सहायक एवं नाम निर्दिष्ट लोक सेवक का होगा। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नही होगा। सभी आई.टी. प्रबंधक/ नोडल पदाधिकारी प्रतिदिन इसका प्रगति प्रतिवेदन ई-मेल से मिशन कार्यालय को भेजेंगे।
2. भ्रमण के क्रम में पाया गया कि अभी भी कई प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालयों में Preprinted Certificate आवेदन के साथ लिया जा रहा है जिस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की कार्रवाई की जाए।
3. आवेदकों से आवेदन के साथ क्षेत्रीय कर्मचारियों का जाँच प्रतिवेदन कर माँग की जाती है, जो पूर्णतः अनुचित है। जाँच प्रतिवेदन प्राप्त करने का उत्तरदायित्व नाम निर्दिष्ट लोक सेवक का है।

अतः इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाए एवं इस प्रकार के आवेदन जिस पर पूर्व से क्षेत्रीय कर्मचारी का जाँच प्रतिवेदन अंकित है, उसे काउन्टर पर किसी परिस्थिति में स्वीकार नही किया जाए। इससे कार्य अपसंस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने का पूर्ण दायित्व नामनिर्दिष्ट लोक सेवक का है। इसके साथ ही प्राप्त, निष्पादित तथा लंबित आवेदनों की अद्यतन स्थिति तथा सेवा से संबंधित आवश्यक कागजातों आदि की सूचना सूचना-पट्ट पर निश्चित रूप से प्रदर्शित करने की व्यवस्था की जाए।

कार्यालय - सिंचाई बैरक न. - 1, हार्डिंग रोड, पटना-800015 फोन:- 0612-2545191
e-mail amd.bpsm@gmail

डॉ॰ बी॰ राजेन्दर
भा॰ प्र॰ से॰
अपर मिशन निदेशक

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार

4. अंचल कार्यालयों द्वारा निर्गत किये जाने वाले जाति/ आय/ आवासीय प्रमाण-पत्र निर्गत करने की व्यवस्था को शीघ्र ही ऑनलाईन किया जाना है। इस हेतु इस कार्यालय से ऑनलाईन आवेदन डाउनलोड करने एवं उस पर अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु किसी एक कर्मी को विशेष रूप से नामित करते हुए उनका नाम, पदनाम तथा मोबाईल नंबर मिशन कार्यालय को पाँच दिनों के अन्दर उपलब्ध करायी जाए।

विश्वासभाजन

(डॉ० बी० राजेन्दर)
अपर मिशन निदेशक